कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना और एचडीएफसी बैंक, परिवर्तन संस्था जयपुर, सुमन ब्लड बैंक के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को रक्तदान शिविर एवं विश्व एड्स दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य रक्तदान के माध्यम से समाज को सेवा प्रदान करना और विद्यार्थियों को रक्तदान के महत्व पर जागरूक करना शामिल रहा। इस अवसर पर कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय के रेड रिबन क्लब ने युवा जनसमूह के बीच एचआईवी वायरस-एड्स विषय पर जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे पोस्टर-निर्माण प्रतियोगिता, पेंटिंग प्रतियोगिता, फेस-पेंटिंग प्रतियोगिता और रंगोली निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सीमा अग्रवाल ने उम्मीद जताई है कि इस प्रयास से न केवल रक्तदान में वृद्धि होगी बल्कि युवा जनसमूह को एड्स से जुड़ी समस्याओं के प्रति जागरूकता भी मिलेगी। प्राचार्य डॉ. सीमा अग्रवाल व उप-प्राचार्य डॉ. रंजना अग्रवाल ने रक्तदान कर छात्राओं को प्रोत्साहित किया। वहीं कॉलेज की प्राध्यापिकाओं ने इस शिविर में उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। रक्तदान शिविर में कुल 93 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। इस कार्यक्रम में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आँचल पुरी, विजयलक्ष्मी गुप्ता, डॉ. रेणु शक्तावत, डॉ. प्रगति नाटाणी व महिमा रामचंदानी की सक्रिय भूमिका रही।



JAWAHARLAL NEHRU MARG, JAIPUR – 302 015 . TEL. : 0141-2707539/2706672
E-mail : admin@kanoriacollege.in . Website : www.kanoriacollege.in

# 21.World AIDS Day Celebration by Red Ribbon Club 1st December 2023

बेधड़क - 1/12/23

## HIV के प्रति किया अवेयर



बेधड़क. जयपुर। कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना व एचडीएफसी बैंक, परिवर्तन संस्था, सुमन ब्लड बैंक की ओर से रक्तदान शिविर व विश्व एड्स दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य रक्तदान से समाज को सेवा प्रदान करना था व युवाओं को इसके महत्व पर जागरूक करना शामिल रहा। अब शुक्रवार को विश्व एड्स दिवस पर महाविद्यालय के रेड रिबन क्लब के युवा जनसमूह के बीच एचआईवी वायरस-एड्स विषय पर जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन करेंगे। इसके लिए पोस्टर-निर्माण प्रतियोगिता, पेंटिंग प्रतियोगिता, फेस-पेंटिंग प्रतियोगिता व रंगोली निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. सीमा अग्रवाल ने उम्मीद जताई कि इस प्रयास से न केवल रक्तदान में वृद्धि होगी, बल्कि युवा जनसमूह को एड्स से जुड़ी समस्याओं के प्रति जागरूकता मिलेगी। उप-प्राचार्य (विज्ञान) डॉ. रंजना अग्रवाल द्वारा रक्तदान कर छात्राओं को प्रोत्साहित किया। शिविर में 93 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आंचल पुरी, विजय लक्ष्मी गुप्ता, डॉ. रेणु शक्तावत, डॉ. प्रगति नाटाणी व महिमा रामचंदानी की भूमिका रही।



JAWAHARLAL NEHRU MARG, JAIPUR – 302 015 . TEL. : 0141-2707539/2706672
E-mail : admin@kanoriacollege.in . Website : www.kanoriacollege.in

महानगर टाइम्स - 1-12-23

# कानोड़िया कॉलेज में मनाया विश्व एड्स दिवस

## शिविर में 93 यूनिट रक्त संग्रहित



इंडिया न्यूज - 1-12-23



# शिविर में 93 यूनिट रक्त एकत्र



JAWAHARLAL NEHRU MARG, JAIPUR – 302 015 . TEL. : 0141-2707539/2706672
E-mail : admin@kanoriacollege.in . Website : www.kanoriacollege.in

# 22.Inaugurated Basic Life Support Training Centre in collaboration with All India Institute of Medical Science in one day camp organized by NSS 12th December 2023

दैनिक नवज्योति - 13-12-23

## बेसिक लाइफ सपोर्ट प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन

ब्यूरो/नवज्योति, जयपुर। कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय में नई दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के सहयोग से बेसिक लाइफ सपोर्ट प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन राष्ट्रीय स्वयं सेवा योजना के एक दिवसीय शिविर में किया गया। सेंटर का उद्घाटन राज्य सड़क सुरक्षा प्रकोष्ठ से संयुक्त परिवहन आयुक्त (सड़क सुरक्षा) निधि सिंह, महाविद्यालय निदेशक डॉ. रश्मि चतुर्वेदी और प्राचार्य डॉ. सीमा अग्रवाल द्वारा किया गया। इस अवसर पर निधि सिंह ने कानूनी बाधाएं, सेमेरिटन कानून एक्ट और मोटर व्हीकल एक्ट इन सब के बारे में जानकारी दी। महाविद्यालय में प्रदेश का पहला महाविद्यालय परिसर बेसिक लाइफ सपोर्ट सेंटर आम जनता के बीच जीवन रक्षण कौशल और प्रशिक्षण के माध्यम से हम ऐसे समुदाय का निर्माण की प्रक्रिया में तेजी ला सकते हैं, जो आने वाले समय में इस दिशा में उत्कृष्ट बदलाव लाएगा। मृत्यु दर में सुधार लाया जा सकता है। इसके प्राथमिक सहायता के बारे में प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षणार्थियों को सड़क दुर्घटना व अन्य आपातकालीन स्थितियों में मरीज को अस्पताल पहुंचाए जाने से पहले दी जाने वाली प्राथमिक सहायता के बारे में प्रशिक्षित किया जाएगा।



Daily Guardian - 13-12-23

## KANORIA COLLEGE UNVEILS LIFE SUPPORT TRAINING CENTER

JAIPUR: Kanoria PG Mahila Mahavidyalaya inaugurated the Basic Life Support Training Center in collaboration with the All India Institute of Medical Sciences, New Delhi. The event took place during a one-day camp of the National Self-Service Scheme, marking the initiation of this centre among educational institutions in Rajasthan.

The training centre aims to provide basic life support training to female students, educating them on medical assistance fundamentals. Joint Transport Commissioner (Road Safety) Nidhi Singh, College Director Dr Rashmi Chaturvedi, and College Principal Dr Seema Aggarwal inaugurated the centre. The event covered topics such as legal hurdles, the Samaritan Law Act, and the Motor Vehicle Act.

Kanoria
PG Mahila
Mahavidyalaya
Jaipur

# 23.Bird Rescue and First Aid Training Program organized by Nature Club in association with Rescue Foundation 4th January 2024

बेधड़क – 05/01/24

## पक्षियों की रक्षा का संकल्प



बेधड़क. जयपुर। रेस्क्यू फाउंडेशन के सहयोग से बर्ड रेस्क्यू एंड फर्स्ट एड ट्रेनिंग प्रोग्राम में युवाओं ने पक्षियों की रक्षा का संकल्प लिया। डॉ. सीमा अग्रवाल ने अतिथियों का स्वागत किया। प्रोग्राम में मुख्य अतिथि डॉ. किशोर कुमार मूलरजानी, कंसलटेंट फिजिशियन एंड डायबिटोलॉजिस्ट, प्रो. डिपार्टमेंट ऑफ मेडिसिन महात्मा गांधी हॉस्पिटल एंड मेडिकल कॉलेज जयपुर शामिल हुई। फाउंडेशन के अन्य सदस्य डॉ. महेश विजयवर्गीय बोर्ड मेंबर, डॉ. स्वरूप आनंद सरकार प्रेसिडेंट, डॉ. गौरव चौधरी सेक्रेटरी, संजीव सांखला उपस्थित थे। कार्यक्रम में डॉ. सुनीता माथुर, डॉ. मनीषा माथुर, डॉ. रंजना अग्रवाल आदि ने युवाओं को प्रेरित किया। क्लब की संयोजक डॉ. नीलम बागेश्वरी ने पक्षियों के इलाज के लिए अनुभव व विचार साझा किए। कार्यक्रम का संचालन शीलू ने किया।

दैनिक नवज्योति – 05/01/24

## पक्षियों को बचाने के लिए छात्राओं को किया जागरूक

ब्यूरो/नवज्योति, जयपुर। कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय के नेचर क्लब में इको रेस्क्यू फाउंडेशन के सहयोग से बर्ड रेस्क्यू, फर्स्ट एड ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। जिसमें पक्षियों को बचाने के लिए छात्राओं को जागरूक एवं संवेदनशील बनाया गया। इस मौके पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सीमा अग्रवाल, डॉ. किशोर कुमार मूलरजानी, डॉ. महेश विजयवर्गीय, डॉ. स्वरूप आनंद सहित अन्य लोगों ने विचार व्यक्त किए।



JAWAHARLAL NEHRU MARG, JAIPUR – 302 015 . TEL. : 0141-2707539/2706672
E-mail : admin@kanoriacollege.in . Website : www.kanoriacollege.in

## 24.Celebrated Youth Day with traffic safety program organized by NSS and Nehru Yuva KendraOrganization 12th January 2024

इंडिया न्यूज - 13-01-24

# कानोड़िया में युवा दिवस मनाया, पीएम के लाइव सेशन से 350 विद्यार्थी जुड़े




इंडिया न्यूज

[illegible]

### 350 विद्यार्थी लाइव सत्र में जुड़े

[illegible]

### युवाओं की भूमिका पर बल

[illegible]

दैनिक नवज्योति - 13-01-24

# यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

जयपुर। कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय, जयपुर की राष्ट्रीय स्वयंसेवक इकाई की ओर से युवा दिवस पर नेहरू युवा केंद्र संगठन के सहयोग से यातायात जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि विधायक कालीचरण सराफ ने सड़क सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ किया। इस दौरान नगर निगम ग्रेटर महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर, सूर्य प्रताप सिंह, पुनीत चतुर्वेदी, महेंद्र सेवड़ा, प्रेरणा सिंह, महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सीमा अग्रवाल, महेंद्र सिसोदिया, एनएसएस के एसपी भटनागर, एनएसएस जयपुर जिला कॉर्डिनेटर डॉ. स्निग्धा शर्मा सहित अन्य लोगों ने विचार व्यक्त किए। विद्याधर नगर स्थित बियानी गर्ल्स कॉलेजेज व हार्ट फूलनेस फाउंडेशन के सयुक्त तत्वावधान में आईक्यूएसी सेल की ओर से नेशनल यूथ डे कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कॉलेज के निदेशक डॉ. संजय बियानी, प्राचार्या डॉ. एकता पारीक, प्राचार्य डॉ. नेहा पाण्डे, निवेद्रा श्रेयांस, आर.सी. अग्रवाल और दर्श विन्दरा कौर उपस्थित रहीं।



JAWAHARLAL NEHRU MARG, JAIPUR – 302 015 . TEL. : 0141-2707539/2706672
E-mail : admin@kanoriacollege.in . Website : www.kanoriacollege.in

# 25.Republic Day Celebration 26th January 2024





(NAAC Accredited, Affiliated to the University of Rajasthan, Jaipur)

**KANORIA PG MAHILA MAHAVIDYALAYA JAIPUR**

## Notice (Session 2023-24)

दिनांक–24.01.2024

महाविद्यालय में दिनांक **26 जनवरी, 2024 'गणतंत्र दिवस'** को ध्वजारोहण प्रातः 10:30 बजे होगा।

सभी कर्मचारियों की उपस्थिति अपेक्षित है।

प्राचार्य

Copy to:
1. Staff / Student Notice Board
2. [illegible]

## 26.Training Program on Road Safety and CPR organized by Basic Life Support Training Centre 30th January 2024

महानगर टाइम्स - 31-01-24

# छात्राओं को सड़क सुरक्षा का दिया प्रशिक्षण



**महानगर संवाददाता**

जयपुर। कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय में मंगलवार को सड़क सुरक्षा, सीपीआर, जीवन रक्षण प्रणाली का प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सड़क हादसों में घायलों को सहायता प्रदान करने के लिए छात्राओं को प्रशिक्षण प्रदान किया। वहीं सीपीआर प्रणाली का अभ्यास भी करवाया गया। प्रशिक्षणार्थियों को सड़क दुर्घटना एवं अन्य आपातकालीन स्थितियों में मरीज को अस्पताल पहुंचने से पहले दी जाने वाली प्राथमिक सहायता के बारे में विस्तार से समझाया गया।

इस अवसर पर डीवाईएसपी उज्जवल शर्मा, सर्ड़क सुरक्षा विभाग एलएन पांडे, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी निशा बग्गा, उपस्थित रही। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सीमा अग्रवाल ने छात्राओं को सड़क सुरक्षा की जानकारी व यातायात नियमों से अवगत कराते हुए समाज का सजग नागरिक बनने पर जोर दिया। कार्यक्रम में उप-प्राचार्य, शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं। इस दौरान 55 छात्राओं को प्रशिक्षित किया गया।

इंडियां न्युज - 1-2-24



# छात्राओं को सड़क सुरक्षा व सीपीआर प्रशिक्षण दिया

जयपुर। कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय में मंगलवार को छात्राओं को सड़क सुरक्षा, सीपीआर, जीवन रक्षण प्रणाली का प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण बेसिक लाइफ सपोर्ट प्रशिक्षण (बीएलएस) सेंटर और राजस्थान परिवहन एवं सड़क सुरक्षा के सहयोग से दिया गया। इस दौरान प्रशिक्षणार्थियों को सड़क दुर्घटना तथा अन्य आपातकालीन स्थितियों में मरीज को अस्पताल पहुंचने से पहले दी जाने वाली प्राथमिक सहायता के बारे में विस्तार से समझाया गया। प्राचार्य डॉ.सीमा अग्रवाल ने बताया कि 55 छात्राओं को प्रशिक्षित किया गया। इस दौरान डीएसपी सड़क सुरक्षा विभाग उज्ज्वल शर्मा, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी एल.एन.पांडे और सड़क सुरक्षा विशेषज्ञ निशा बग्गा मौजूद थे।

# 27.Rang de Jaipur, 14 students who designed murals at a site in Maharani Farm, Mansarovar by Department of Drawing and Painting in association with Contree Foundation, Jaipur Nagar Nigam Greater 28th January to 6th February 2024





# 28.International symposium on Women, Marriage and Law organized by History Department 23rd February 2024

Daily Guardian - 24-02-24

## Kanoria hosts international symposium on 'Women, Marriage and Law'

TDG NETWORK
JAIPUR

An International Symposium was organised by the History Department of Kanoria PG Mahila Mahavidyalaya on Friday. The theme was "Women, Marriage and Law: European and Indian Context". College Director Dr. Rashmi Chaturvedi and Principal Dr. Seema Aggarwal shared their views on the similarities and differences between society and the institution of marriage. On this occasion, Dr. Suman Dhanaka informed about the outline of the symposium.

The Symposium was chaired by Dr. Chayanika Uniyal, Senior Assistant Professor, Department of History, Shyama Prasad Mukherjee College Delhi University.

The Keynote speaker was Prof. Jean Botia, Director, School of Advanced Studies in Social Sciences, Marseille, France, Dr. Arundhati Virmani, Institute of Endowment Studies in Social Sciences, Marseille, France, Prof. Sangeeta Sharma, Head of the Department (Retired) Rajasthan University, Jaipur highlighted various aspects of Uniform Civil Code, Dynasty Marriage and Women Reforms in European and Indian context.

While addressing the curiosities of the students, it was suggested that gender roles and equality should start from the family itself. The program was conducted by Dr. Done on behalf of Mohita Chaturvedi Sharma, Head of the Department of Sociology.



JAWAHARLAL NEHRU MARG, JAIPUR – 302 015 . TEL. : 0141-2707539/2706672
E-mail : admin@kanoriacollege.in . Website : www.kanoriacollege.in

इंडिया न्यूज -24-02-24



# महिला विवाह और कानून पर चर्चा

## इंडिया न्यूज

जयपुर। कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय के इतिहास विभाग की ओर से शुक्रवार को इंटरनेशनल सिंपोजियम का आयोजन किया गया। ह्वीमन, मैरिज एंड लॉ : यूरोपियन एंड इंडियन कंटेक्स्टह्न में समाज एवं विवाह संस्था की समानता एवं भिन्नता पर चर्चा हुई। महाविद्यालय निदेशक डॉ.रश्मि चतुर्वेदी एवं प्राचार्य डॉ.सीमा अग्रवाल ने अतिथियों का स्वागत किया। इस मौके पर डॉ.सुमन धनाका ने सिंपोजियम की रूपरेखा से अवगत कराया। सिंपोजियम की चेयरपर्सन डॉ.चयनिका उनियाल सीनियर सहायक आचार्य इतिहास विभाग श्यामा प्रसाद मुखर्जी कॉलेज दिल्ली विश्वविद्यालय, प्रमुख वक्ता प्रो.जीन बोटिया डायरेक्टर स्कूल ऑफ एडवांस स्टडीज इन सोशल साइंसेज मार्सेइल फ्रांस, डॉ.अरुंधति विरमानी इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस स्टडीज इन सोशल साइंसेज मार्सेइल फ्रांस, प्रो.संगीता शर्मा विभागाध्यक्ष (रिटायर्ड) राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर द्वारा यूरोपीय एवं भारतीय संदर्भ में यूनिफॉर्म सिविल कोड, राजवंशी विवाह एवं महिला सुधारक के विभिन्न पक्षों को उजागर किया। उन्होंने लैंगिक भूमिका एवं समानता की शुरूआत परिवार से ही करने का सुझाव दिया। कार्यक्रम का संचालन समाज शास्त्र विभाग की अध्यक्ष डॉ.मोहिता चतुर्वेदी शर्मा ने किया। वहीं, कॉलेज के भूगोल विभाग की ओर से भूगोल के क्षेत्र में करियर विकल्प एवं सिविल सेवाओं की तैयारी में भूगोल की भूमिका पर इंटरैक्टिव सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र में मुख्य वक्ता कुमारी दीया सिंह रहीं, जिन्होंने आरएएस 2021 में 364वीं रैंक हासिल की थी। इस आयोजन का उद्देश्य करियर विकल्पों पर मार्गदर्शन रहा। दीया सिंह महाविद्यालय की पूर्व छात्रा हैं। सत्र की मुख्य वक्ता का स्वागत विभागाध्यक्ष डॉ.नीलम बागेश्वरी ने किया।



JAWAHARLAL NEHRU MARG, JAIPUR – 302 015 . TEL. : 0141-2707539/2706672
E-mail : admin@kanoriacollege.in . Website : www.kanoriacollege.in

# <u>29.Seven Days Camp organized by NSS with different sessions including Rally on Albert Hall 26th February to 3rd March 2024</u>

## राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का शुभारम्भ



राजस्थान दर्शन → 27/02/24

जयपुर। राजधानी के गांधी नगर स्थित कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना चार इकाइयों के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ 26 फरवरी को हुआ। राष्ट्रीय सेवा शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सेवा योजना के क्षेत्रीय निदेशक एसपी भटनागर ने किया। मुख्य अतिथि द्वारा स्वयं सेविकाओं को सामाजिक कार्य करने की प्रेरणा दी गई। उन्होंने अपने उद्बोधन में छात्राओं को राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। छात्राओं को निर्भीक होकर कार्य करने और विद्यार्थी जीवन में लक्ष्य के प्रति कड़ी मेहनत एवं जनकल्याण कार्यों के लिए प्रोत्साहित किया। विशिष्ट अतिथि के.के. कुमावत स्टेट कार्डिनेटर, एन.एस.एस कॉलेज शिक्षा विभाग द्वारा नागरिक शिष्टाचार, समाज में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका और आदर्श युवा बनने के लिए दूसरों की मदद एवं परोपकार जैसे सद्गुणों को आत्मसात करने पर बल दिया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सीमा अग्रवाल ने अतिथियों का स्वागत कर अपने उद्बोधन में स्वयं सेविकाओं को अभिप्रेरणा दी और सभी को सामाजिक कार्यों में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया। राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर को सफल होने की अग्रिम शुभकामनाएं दी। शिविर के प्रथम दिवस पर डॉ. पुनीत चतुर्वेदी, सहायक आचार्य, नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ आयुर्वेद द्वारा नेचुरोपैथी एवं योगा पर व्याख्यान दिया।

इंडिया न्यूज — 28/02/24

# अल्बर्ट हॉल पर रैली निकाल कर दिया स्वच्छता का संदेश




इंडिया न्यूज

जयपुर। कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय की एनएसएस विंग के साथ ही अलग-अलग विभागों की ओर से मंगलवार को विशेष सत्रों का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के 7 दिवसीय शिविर के दूसरे दिन मंगलवार को स्वयंसेविकाओं ने ऐतिहासिक इमारतों के रख-रखाव एवं स्वच्छता का संदेश देते हुए अल्बर्ट हॉल पर रैली का आयोजन किया गया। साथ ही उन्नत तकनीकों पर राजस्थान केंद्र एडवांस टेक्नोलॉजी (आर-सीएटी) के सहयोग से जागरूकता सत्र आयोजित किया गया। विभागाध्यक्ष डॉ.जयंती गोयल ने बताया कि सत्र में दिव्या गिल एवं स्वाति गर्ग ने उभरती तकनीकों पर छात्राओं को जाग्रत किया। उन्होंने छात्राओं को उच्च शिक्षा और राजस्थान सरकार द्वारा दी जाने वाली संबंधित छात्रवृत्तियों के बारे में जानकारी दी। वहीं, मनोविज्ञान विभाग की ओर से 'फोरेंसिक जांच तकनीक' विषय पर व्याख्यान में मुख्य वक्ता प्रो.कृष्ण कुमार मिश्रा ने फोरेंसिक मनोविज्ञान का परिचय दिया और बताया कि फोरेंसिक मनोविज्ञान एक ऐसी शाखा है, जो कानून से संबंध रखता है। विभागाध्यक्ष डॉ.शुचि चौधरी ने अतिथियों का स्वागत किया। कॉलेज प्राचार्या डॉ.सीमा अग्रवाल ने आभार व्यक्त किया।

Kanoria
PG Mahila
Mahavidyalaya
Jaipur

# 30.Psyco-Education Session organized by NSS 29th February 2024

महानगर टाइम्स - 01-03-2024

## साइको-एजुकेशन सत्र का हुआ आयोजन



महानगर संवाददाता

जयपुर। कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर के चौथे दिन गुरुवार को मानसिक स्वास्थ्य में जागरूकता फैलाने के लिए महत्वपूर्ण साइको-एजुकेशन सत्र का आयोजन किया गया। मनोविज्ञान विभाग की सहायक आचार्य महिमा रामचंदानी ने मानसिक स्वास्थ्य की प्रमुख समस्याएं, तनाव प्रबंधन, आत्म-प्रेम और सही व्यवहार पर विचार व्यक्त किए। उन्होंने मानसिक समस्याओं के कारणों, प्रभाव और उपचार पर चर्चा की। शिविर के अन्त में थिएटर के गुर भी सिखाए गए और गोद ली हुई बस्ती, लाल कुंडा बस्ती झालाना में शिविर के पांचवें दिन आयोजित होने वाले स्वास्थ्य जांच कैंप की जानकारी स्वयंसेविकाओं ने घर-घर जाकर दी। महाविद्यालय परिसर और आसपास के क्षेत्र की सफाई भी की गई। शिविर में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आंचल पुरी, विजयलक्ष्मी गुप्ता, डॉ. रेणु शक्तावत आदि मौजूद रहेंगे।



JAWAHARLAL NEHRU MARG, JAIPUR – 302 015 . TEL. : 0141-2707539/2706672
E-mail : admin@kanoriacollege.in . Website : www.kanoriacollege.in

## 31.Cancer Awareness Session organized by NSS in Basti
## 2nd March 2024

इंडिया न्यूज 3.3.24


# लालकुंडा बस्ती में हुआ कैंसर जागरूकता कार्यक्रम




**इंडिया न्यूज**

जयपुर। कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवस शिविर में छठे दिन शनिवार को लालकुंडा बस्ती, झालाना में कैंसर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जयपुर कैंसर रिलीफ सोसाइटी के सहयोग से हुए कार्यक्रम में कैंसर के विभिन्न प्रकार-जैसे प्रोस्टेट, स्तन, लीवर आदि के बारे में चर्चा की गई। इसमें स्वयंसेविकाओं ने बस्ती में साइबर जागरूकता पर सर्वेक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें बस्ती के सदस्यों के साथ साइबर जोखिमों, ऑनलाइन सुरक्षा के उपायों और इंटरनेट के संबंधित मुद्दों पर चर्चा की गई। इस अवसर पर फल एवं पौष्टिक खाने का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ.आंचल पुरी द्वारा स्वयंसेविकाओं एवं बस्ती के लोगों को तंबाकू का प्रयोग नहीं करने के लिए शपथ दिलाई। विजयलक्ष्मी गुप्ता, डॉ.रेणु शक्तावत एवं महिमा रामचंदानी आदि उपस्थित रहीं।

# 32.'Rang de Jaipur' - a Community Outreach Programme- to celebrate International Women's Day 3rd to 8th March 2024



# 33.Visit to Constitution Park organized by Department of Political Science for Post Graduate Students 7th April 2024

8/4/24

## कानोड़िया कॉलेज की छात्राओं ने किया संविधान पार्क का भ्रमण

मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर। कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय जयपुर के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा शनिवार को स्नातकोत्तर की छात्राओं को राजभवन में नवनिर्मित संविधान पार्क का तीसरा भ्रमण कराया गया। राज्यपाल कलराज मिश्र ने युवा छात्राओं से वार्तालाप करते हुए बताया कि भारत की अखंडता और एकता का प्रतिनिधित्व करता भारत का संविधान एक पवित्र ग्रंथ है, जो भारत के प्रबुद्ध इतिहास एवं संस्कृति की झलक दिखलाता है। मिश्र ने छात्राओं से वार्तालाप करते हुए



कहा कि भारत के संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकारों के साथ-साथ भारतीय नागरिकों को कर्तव्यों की पालना भी करनी चाहिए। स्नातकोत्तर राजनीति विज्ञान विषय की चतुर्थ सैमेस्टर की छात्रा प्रियंका गुप्ता ने महामहिम का संविधान पार्क के भ्रमण की अनुमति देने के लिए अभिनन्दन किया। आज के इस भ्रमण द्वारा छात्राओं का विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत के संविधान निर्माण का व्यवहारिक परिचय हुआ।

8/4/24

## भारत का संविधान एक पवित्र ग्रंथ है जो अखंड भारत का प्रतिक है: कलराज मिश्र

जयपुर। कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय जयपुर के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा स्नातकोत्तर की छात्राओं को राजभवन में नवनिर्मित संविधान पार्क का तीसरा भ्रमण कराया गया जिसमें राजस्थान के महामहिम राज्यपाल कलराज मिश्र ने युवा छात्राओं से वार्तालाप करते हुए बताया की भारत की अखंडता और एकता का प्रतिनिधित्व करता भारत का संविधान एक पवित्र ग्रंथ है। जो भारत के प्रबुद्ध इतिहास एवं संस्कृति की झलक दिखलाता है।



महामहिम ने छात्राओं से वार्तालाप करते हुए कहा कि भारत के संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकारों के साथ-साथ भारतीय नागरिकों को कर्तव्यों की पालना भी करनी चाहिए। स्नातकोत्तर राजनीति विज्ञान विषय की चतुर्थ सैमेस्टर की छात्रा प्रियंका गुप्ता ने महामहिम का संविधान पार्क के भ्रमण की अनुमति देने के लिए अभिनन्दन किया।

शेष पृष्ठ 6 पर



JAWAHARLAL NEHRU MARG, JAIPUR – 302 015 . TEL. : 0141-2707539/2706672
E-mail : admin@kanoriacollege.in . Website : www.kanoriacollege.in

# 34.Mother's Day Celebrated by college 13th May 2024

राजस्थान पत्रिका - 14-5-24

## समारोह में महिलाओं का सम्मान



जयपुर @ पत्रिका. 'स्वयं को प्रोत्साहित करें और सफलता के लिए तीन शब्द अप्रिशिएट, एक्सेप्ट और एडजस्ट को जीवन में शामिल करें। कनोडिया महिला महाविद्यालय में मातृ दिवस के उपलक्ष में आयोजित समारोह में विभिन्न वक्ताओं ने उक्त उद्गार व्यक्त किए। कॉलेज और यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान हुए समारोह में बालिकाओं ने अतिथियों का स्वागत किया। प्राचार्य डॉ. सीमा अग्रवाल ने महाविद्यालय की सभी पूर्व छात्राओं के समाज में अपनी विशेष पहचान बनाने पर प्रसन्नता जताई। 'मां' विषय पर छात्रा प्रियंका मिश्रा और छवि ने कविता पाठ किया। यूनियन बैंक की ओर से समाज में उल्लेखनीय योगदान के लिए चार चतुर्थ श्रेणी महिला कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में रणजीत कुमार, डॉ. निमिषा गौड़, मंजू शर्मा, नीता बूचरा व डॉ. अलका गौड़ मौजूद रहीं।

दैनिक नवज्योति - 14-5-24

## महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं: मंजू शर्मा

ब्यूरो/नवज्योति,जयपुर। जयपुर शहर लोकसभी प्रत्याशी और भाजपा नेता मंजू शर्मा ने कहा मां के लिए कोई विशेष दिन नहीं होता, मां हर रोज पूजनीय है, मां का कर्ज कोई



नहीं चुका सकता। यह विचार सोमवार को शर्मा ने यूनियन बैंक और कनोडिया पीजी कॉलेज की ओर से आयोजित मातृ दिवस समारोह के दौरान व्यक्त किए। शर्मा ने बताया कि वह स्वयं भी कनोडिया पीजी कॉलेज की विद्यार्थी रह चुकी है, उन्होंने कॉलेज के अपने पुराने संस्मरण भी सुनाए। विशिष्ट अतिथि फिक्की फ्लो की पूर्व अध्यक्ष नीता बूचरा और महिला चिकित्सक डॉ.अलका गौड़ रहीं। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ.सीमा अग्रवाल ने मातृ दिवस की प्रासंगिकता पर अपने विचार व्यक्त किए। 'मां' विषय पर महाविद्यालय की छात्रा प्रियंका मिश्रा और छवि ने कविता पाठ किया। यूनियन बैंक की ओर से समाज में उल्लेखनीय योगदान के लिए विभिन्न महिलाओं के साथ महाविद्यालय की महिला कर्मचारियों को सम्मानित किया गया।



JAWAHARLAL NEHRU MARG, JAIPUR – 302 015 . TEL. : 0141-2707539/2706672
E-mail : admin@kanoriacollege.in . Website : www.kanoriacollege.in

इंडिया न्यूज - 14-5-24


इंडिया न्यूज 02
जयपुर, मंगलवार 14 मई, 2024


# कानोड़िया स्नातकोत्तर कॉलेज ने महिलाओं को किया सम्मान

इंडिया न्यूज

जयपुर। कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में मातृ दिवस समारोह आयोजित किया गया। [illegible]




[illegible]




JAWAHARLAL NEHRU MARG, JAIPUR – 302 015 . TEL. : 0141-2707539/2706672
E-mail : admin@kanoriacollege.in . Website : www.kanoriacollege.in

# 35.Parinda Utsav celebrated by NSS in association with Human Glory Foundation 17th May 2024

दैनिक भास्कर

## पक्षियों के परिंडे बांधे, देखरेख का लिया संकल्प



जयपुर | कनोडिया कॉलेज में ह्यूमन ग्लोरी फाउंडेशन व कानोडिया कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान मे परिंडा महोत्सव का आयोजन किया गया। फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रमोद जैन भँवर ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रो. ममता जैन व विशिष्ट अतिथि चारू गुप्ता रही। कार्यक्रम में कॉलेज प्राचार्या डॉ. सीमा अग्रवाल, उपप्राचार्या डॉ. रंजुला जैन, समाजसेविका मनीषा जैन, राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आँचल पुरी, मृणाली, सारिका कॉल आदि उपस्थित रही। सभी ने इन परिंडों में नियमित रूप से पानी डालने व देखभाल का संकल्प लिया।

Daily Guardian – 18/5/24

# Parindas tied in Kanodia College campus



Parinda Mahotsav was celebrated under the National Service Scheme under the joint aegis of Human Glory Foundation at Kanodia PG Mahila Mahavidyalaya. In this program, Chief Guest Professor Mamta Jain, Chief Warden, Rajasthan University, Special Guest Charu Gupta, State General Secretary Women's International World Federation, College Principal Dr. Seema Aggarwal, Founder of Human Glory Foundation Mr. Pramod Jain Bhanwar, Coordinator Manisha Jain braved the scorching heat. Keeping this in mind, birds were tied on shady trees located in the college campus. Along with Principal Dr. Seema Agarwal, Vice Principal Dr. Ranjula Jain, Dr. Ranjana Agarwal, National Service Scheme Officer Aanchal Puri and other teachers of the college also cooperated in this work.

इंडिया न्यूज – 18/5/24

## खबरनामा



### कानोड़िया पीजी कॉलेज में मनाया परिंडा उत्सव, वृक्षों में बांधे परिंडे

जयपुर। [illegible]




JAWAHARLAL NEHRU MARG, JAIPUR – 302 015 . TEL. : 0141-2707539/2706672
E-mail : admin@kanoriacollege.in . Website : www.kanoriacollege.in

# 36.Yoga Day Celebration 21st June 2024

22-6-24

## अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया



जयपुर । कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय, जयपुर एवं वेलनेस क्लब के संयुक्त तत्वावधान में अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस उपलक्ष्य में शैक्षणिक व अशैक्षणिक कर्मचारियों हेतु दो योग सत्रों का आयोजन किया गया। प्रथम सत्र में योगिनी जयश्री अलवानी ने सूक्ष्म व्यायाम से प्रारंभ करते हुए वज्रासन, त्रिकोणासन एवं भुजंगासन आदि का अभ्यास करवाया। दूसरे सत्र में योगिनी आस्था माथुर ने शैक्षणिक स्टाफ को योगाभ्यास कराया, जिसमें प्राचार्य व उप-प्राचार्य (विज्ञान) डॉ. रंजना अग्रवाल, क्लब संयोजक डॉ. पालू जोशी व क्लब सदस्य डॉ. शिप्रा गोयल सहित अन्य शिक्षिकाएँ उपस्थित रहीं। दूसरे सत्र में मलासन, ताड़ासन, भुजंगासन, सूर्य नमस्कार, भ्रामरी, भरिस्त्रका, तितली आसान जैसी योग क्रियाएँ करायी गई।

महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सीमा अग्रवाल ने नियमित दिनचर्या में योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुये बताया कि दैनिक जीवन की नकारात्मकता को दूर करने में योग अत्यंत प्रभावी है। योगिनी आस्था माथुर ने भी कहा कि श्रेष्ठ समाज के निर्माण हेतु योगाभ्यास आवश्यक है। प्राचार्य एवं शिक्षिकाओं के साथ महाविद्यालय के सभी अशैक्षणिक कर्मचारियों ने सरल योग आसन एवं प्राणायाम को अपने दैनिक जीवन का अंग बनाने का संकल्प लिया। अंत में क्लब सदस्य डॉ. सुरभि शर्मा ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।



JAWAHARLAL NEHRU MARG, JAIPUR – 302 015 . TEL. : 0141-2707539/2706672
E-mail : admin@kanoriacollege.in . Website : www.kanoriacollege.in

22-6-24



## कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय में स्टाफ के साथ स्टूडेंट्स ने किया योग

कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय, जयपुर एवं वेलनेस क्लब के संयुक्त तत्वावधान में अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस उपलक्ष्य में शैक्षणिक व अशैक्षणिक कर्मचारियों के लिए दो योग सत्रों का आयोजन किया गया। प्रथम सत्र में योगिनी जयश्री अलवानी ने सूक्ष्म व्यायाम से प्रारंभ करते हुए वज्रासन, त्रिकोणासन एवं भुजंगासन आदि का अभ्यास करवाया। दूसरे सत्र में योगिनी आस्था माथुर ने शैक्षणिक स्टाफ को योगाभ्यास कराया। जिसमें प्राचार्य व उप-प्राचार्य (विज्ञान) डॉ. रंजना अग्रवाल, क्लब संयोजक डॉ. पालू जोशी व क्लब सदस्य डॉ. शिप्रा गोयल सहित अन्य शिक्षिकाएँ उपस्थित रहीं। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सीमा अग्रवाल ने नियमित दिनचर्या में योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि दैनिक जीवन की नकारात्मकता को दूर करने में योग अत्यंत प्रभावी है। अंत में क्लब सदस्य डॉ. सुरभि शर्मा ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।